ये कानून कर्मचारियों की सुरक्षा करते हैं, भले ही उनकी आप्रवासन स्थिति जो भी हो। इसके तहत आने वाले नियोक्ताओं को इन कानूनों का पालन करना चाहिए। बदले की कार्रवाई करना गैरकानूनी है।

**1 जुलाई, 2020 से कानून प्रभावी हैं**

Office of Labor Standards (OLS, श्रम मानकों के कार्यालय) का मिशन नस्ल और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता के साथ विचारशील समुदाय और व्यावसायिक जुड़ाव, रणनीतिक प्रवर्तन और नए नीति विकास के ज़रिए श्रम मानकों को आगे बढ़ाना है।

यह पोस्टर कार्यस्थल पर ऐसी जगह पर लगा होना चाहिए जहाँ से वह साफ़-साफ़ दिखे। साथ ही यह अंग्रेजी के अलावा कर्मचारियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा में लिखा होना चाहिए। The Office of Labor Standards भाषा की व्याख्या और अनुवाद सेवा प्रदान करता है और साथ ही विकलांगों के लिए आवास भी देता है।

# 2024 Notice of Rights for Hotel Employees (होटल कर्मचारियों के अधिकारों से जुड़ी सूचना, 2024)

SMC 14.26

## हिंसा से सुरक्षा

**यह मेहमानों के हिंसक या उत्पीड़क आचरण से कर्मचारियों की सुरक्षा करता है**

**यह किस पर लागू होता है?**

60 या अधिक कमरों वाले होटलों में प्रति घंटे के हिसाब से काम करने वाले कर्मचारी

**कर्मचारियों के पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- होटल के मेहमानों के कमरों में काम करते या डिलिवरी करते समय पैनिक बटन के इस्तेमाल का अधिकार
- होटल के मेहमानों के हिंसक या उत्पीड़क आचरण से सुरक्षित रहने का अधिकार
- अपने नियोक्ता से अतिथि के हिंसक या उत्पीड़क आचरण की शिकायत करने का अधिकार
- किसी होटल के ऐसे मेहमान के कमरे में काम करने या डिलिवरी करने के लिए नियुक्त न किए जाने का अधिकार, जिसके हिंसक या उत्पीड़क आचरण की रिपोर्ट की गई है

**अगर किसी कर्मचारी के साथ कथित तौर पर हिंसा हुई है या वह मेहमान उत्पीड़क आचरण से परेशान हुआ है तो उसके पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- उनकी पसंद के अनुसार अलग जगह फिर से नियुक्त किए जाने का अधिकार
- कानून प्रवर्तन और कर्मचारी की पसंद के सहायक व्यक्ति से बात करने के लिए 16 घंटे का सवैतनिक समय पाने का अधिकार
- समर्थन सेवाओं, संसाधनों और/या रेफरल कॉल के लिए King County Sexual Assault Resource Center तक पहुँच का अधिकार कॉल (24 घंटे की लाइन): 1-888-998-6423
- Revised Code of Washington 7.69.030 (वाशिंगटन 7.69.030 के संशोधित संहिता) में प्रदान किए गए अपराध पीड़ित के लिए नियुक्त वकील की सहायता लेने का अधिकार

SMC 14.29

## नौकरी बरकरार रखना

**स्वामित्व में परिवर्तन के बाद कर्मचारियों की नौकरी को बरकरार रखना होगा**

**यह किस पर लागू होता है?**

60 या अधिक कमरों वाले होटल में प्रति घंटे के हिसाब से काम करने वाले वे कर्मचारी जिन्होंने व्यवसाय बेचे जाने के कम से कम 30 दिन पहले तक काम किया है। यह उन पर्यवेक्षकों, प्रबंधकों, या कुछ कर्मचारियों पर लागू नहीं होता है जो श्रम संबंधों के बारे में प्रबंधन नीतियों को निर्धारित करने में मदद करते हैं।

**कर्मचारियों के पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- व्यवसाय के स्वामित्व में होने वाले बदलाव की सूचना होने का अधिकार
- आने वाले नियोक्ता द्वारा नौकरी का लिखित ऑफ़र पाने का अधिकार (वरिष्ठता के आधार पर ऑफ़र)
- नए नियोक्ता के साथ नब्बे दिनों तक का काम करने का अधिकार, जब तक कि कर्मचारी को निकालने का कोई कारण न हो या छंटनी की जरूरत न हो (वरिष्ठता के आधार पर छंटनी)
- 90 दिनों पर प्रदर्शन के मूल्यांकन का अधिकार

SMC 14.27

## कार्यभार की सीमाएं

**यह कमरे की सफाई के कार्यभार की सीमाएं तय करता है**

**यह किस पर लागू होता है?**

100 या अधिक कमरों वाले होटल में प्रति घंटे के हिसाब से काम करने वाले वे कर्मचारी जो कमरों की सफाई करते हैं

**कर्मचारियों के पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- दिन के कामकाजी 8 घंटों में कमरे की ज्यादा से ज्यादा 4,500 वर्ग फुट की सफाई का अधिकार (कम घंटों के लिए आनुपातिक)
- तय की गई अधिकतम जगह से ज्यादा सफाई करने से मना करने का अधिकार
- तय की गई अधिकतम जगह से अधिक सफाई के लिए 3 गुना वेतन प्राप्त करने का अधिकार (ज्यादातर परिस्थितियों में)

SMC 14.28

## चिकित्सकीय देखभाल तक पहुँच

**नियोक्ताओं को स्वास्थ्य देखभाल के लिए खर्च करना होगा**

**यह किस पर लागू होता है?**

100 या अधिक कमरों वाले होटलों में प्रति घंटे के हिसाब से काम करने वाले वे कर्मचारी जो हर महीने कम से कम औसतन 80 या अधिक घंटे काम करते हैं। यह उन पर्यवेक्षकों, प्रबंधकों, या कुछ कर्मचारियों पर लागू नहीं होता है जो श्रम संबंधों के बारे में प्रबंधन नीतियों को निर्धारित करने में मदद करते हैं।

**कर्मचारियों के पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- नियोक्ता द्वारा किए जाने वाले चिकित्सकीय देखभाल से जुड़े खर्चों के माध्यम से चिकित्सा सुविधा तक बेहतर पहुँच
- नियोक्ता निम्नलिखित में से एक या अधिक द्वारा खर्च कर सकते हैं:

(1) साधारण आय का भुगतान
(2) नियोक्ता द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए भुगतान,
और/या
(3) कर-अनुकूल स्वास्थ्य योजनाओं के लिए भुगतान (उदाहरण के लिए स्वास्थ्य बचत खाता)

**2024 की दर†**

| मासिक खर्च | परिवार के सदस्य |
|---|---|
| $530 | एकल कर्मचारी |
| $902 | एकल कर्मचारी और उन पर आश्रित परिवार के सदस्य |
| $1,062 | जीवनसाथी/पार्टनर के साथ वाले कर्मचारी, परिवार का कोई सदस्य आश्रित नहीं |
| $1,592 | जीवनसाथी/पार्टनर और परिवार के आश्रित सदस्य के साथ वाले कर्मचारी |

†हर कैलेंडर वर्ष के लिए दरों की घोषणा पिछले वर्ष के 30 जून के बाद नहीं की जाती है

अगर नियोक्ता स्वास्थ्य बीमा कवरेज की पेशकश करता है, तो यह अध्यादेश 1 जुलाई, 2020 के बाद नियोक्ता के पहले खुले नामांकन अवधि की तारीख से प्रभावी हो जाता है।

## अपने कर्मचारी अधिकारों को जानें

**जवाबी कार्रवाई करना वर्जित है:** ये कानून, कर्मचारियों को इन अधिकारों का इस्तेमाल करने पर किसी के द्वारा किए जाने वाले जवाबी कार्रवाई से बचाते हैं।

**शिकायत दर्ज कराने का अधिकार:** अगर कोई नियोक्ता इन कानूनों का उल्लंघन करता है तो कर्मचारियों को OLS के पास शिकायत करने या मुकदमा दायर करने का अधिकार है।

**संपर्क करें:**
OFFICE OF LABOR STANDARDS

**नियोक्ता**
अनुपालन सहायता प्राप्त करें
और/या प्रशिक्षण प्राप्त करें

**कर्मचारी**
OLS में शिकायत दर्ज करें या
अदालत में मुकदमा दायर करें

**206-256-5297**
www.seattle.gov/laborstandards

810 THIRD AVE, SUITE 375 SEATTLE, WA 98104 | LABORSTANDARDS@SEATTLE.GOV